**NEWS CLIPPING: 16.04.2018**

**DAINIK BHASKAR**

# पंजाबी पॉप स्टार गैरी के गानों पर झूमे स्टूडेंट्स, विशाल और लवी बने मिस्टर व मिस कलमायका



**फरीदाबाद|** वाईएमसीए यूनिवर्सिटी का वार्षिक सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव 'एलीमेंट्स कलमायका-2018' का रंगारंग समापन हो गया। उत्सव के अंतिम दिन स्टार नाइट में पंजाबी पॉप स्टार गैरी संधू ने अपने हिट गानों पर प्रस्तुति दी। उनके साथ स्टूडेंट्स भी झूम उठे। कलमायका के अंतिम दिन मिस्टर व मिस कलमायका के परिणाम भी घोषित किए गए। मिस्टर कलमायका का खिताब विशाल कुमार को दिया गया। लवी धीमान मिस कलमायका चुनी गईं। मिस्टर वेल ड्रेस श्रेणी में विनीत राठी व मिस वेल ड्रेस श्रेणी में सोनाली हांडा विजेता रहीं। समापन समारोह में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार मुख्य अतिथि थे। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कृत किया।



**NEWS CLIPPING: 16.04.2018**

**DAINIK JAGRAN**

# विशाल कुमार मिस्टर और लवी धीमान मिस कलमायका बने

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : वाईएमसीए विश्वविद्यालय का वार्षिक सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव एलीमेंट्स कलमायका-2018 का रंगारंग समापन हो गया। उत्सव के अंतिम दिन शनिवार शाम को स्टार नाइट में पंजाबी पॉप स्टार गैरी संधू मुख्य आकर्षण रहे तथा उन्होंने अपने हिट गानों पर प्रस्तुति दी, जिसका विद्यार्थियों ने जमकर लुत्फ उठाया। कलमायका के अंतिम दिन मिस्टर व मिस कलमायका के परिणाम भी घोषित किए गए। मिस्टर कलमायका का खिताब विशाल कुमार को दिया गया, जबकि लवी धीमान मिस कलमायका चुनी गई। मिस्टर वेल ड्रेस श्रेणी में विनीत राठी तथा मिस वेल ड्रेस श्रेणी में सोनाली हांडा विजेता रही। समापन समारोह में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हर वर्ष विद्यार्थी उत्सव को नई ऊंचाइयां दे रहे है। विद्यार्थियों ने उत्सव को सफल बनाने में खूब मेहनत की है और यह मेहनत रंग लाई है। समापन समारोह में डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. नरेश चैहान भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सोनिया बंसल की देखरेख में हुआ।



मिस्टर कलमायका विशाल कुमार व मिस कलमायका लवी धीमान के साथ कुलपति प्रो . दिनेश कुमार ● जागरण

अन्य प्रतियोगिताओं में डांस युअर हार्ट आउट इवेंट की एकल श्रेणी में अरावली कालेज के विवेक कुमार पहले, जेआइएमएस के शुभम दूसरे तथा लिंग्यास कॉलेज के रिषभ तीसरे स्थान पर रहे। युगल श्रेणी में डीएवी कालेज के मानव व निखिल विजेता रहे। फुटलूज इवेंट में गवर्नमेंट कालेज हिसार के अभिषेक प्रथम व एसडी कॉलेज के शैलेश द्वितीय स्थान पर रहे। फैस आफ इवेंट एसडी कालेज के शैलेश ने जीता। मनन क्लब द्वारा आयोजित कोड वार इवेंट में कैलाश गुप्ता और प्रिंस बतरा विजेता रहे। दूसरा स्थान हिमांशु व रिषभ का, जबकि तीसरे स्थान पर गौरव व रोहन रहे। विवेकानंद मंच द्वारा आयोजित कैच मी इवेंट में महिमा, समीक्षा व अदिति विजेता रही। दूसरा स्थान हिंगुला, रितिक व प्रांशु का रहा। नितांशु, संजीव व सार्थक तीसरे स्थान पर रहे।

**NEWS CLIPPING: 16.04.2018**

**NAVBHARAT TIMES**

# विशाल और लवी धीमान बने मिस्टर व मिस कलमायका



मिस्टर व मिस कलमायका के विजेताओं के साथ कुलपति प्रो. दिनेश कुमार

■ **वरिष्ठ संवाददाता, फरीदाबाद** : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का वार्षिक सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव एलीमेंट्स कलमायका-2018 का रंगारंग समापन हो गया। उत्सव के अंतिम दिन स्टार नाइट में पंजाबी पॉप स्टार गैरी संधू मुख्य आकर्षण रहे तथा उन्होंने अपने हिट गानों पर प्रस्तुति दी, जिसका विद्यार्थियों ने जमकर लुत्फ उठाया।

कलमायका के अंतिम दिन मिस्टर व मिस कलमायका के परिणाम भी घोषित किए गए। मिस्टर कलमायका का खिताब विशाल कुमार को दिया गया जबकि लवी धीमान मिस कलमायका चुनी गई। मिस्टर वेल ड्रेस श्रेणी में विनीत राठी तथा मिस वेल ड्रेस श्रेणी में सोनाली हांडा विजेता रही। समापन समारोह में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार मुख्य अतिथि रहे तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया। अन्य प्रतियोगिताओं में डांस युअर हार्ट आउट इवेंट की एकल श्रेणी में अरावली कॉलेज के विवेक कुमार पहले, जेआईएमएस के शुभम दूसरे तथा लिंग्यास कॉलेज के रिशव तीसरे स्थान पर रहे। युगल श्रेणी में डीएवी कॉलेज के मानव व निखिल विजेता रहें। फुटलूज इवेंट में गवर्नमेंट कॉलेज हिसार के अभिषेक प्रथम व एसडी कॉलेज के शैलेश द्वितीय स्थान पर रहे। मनन क्लब द्वारा आयोजित कोड वार इवेंट में कैलाश गुप्ता और प्रिंस बतरा विजेता रहे।



पॉप स्टार गैरी संधू प्रस्तुति देते हुए

# YMCA University of Science & Technology

(NAAC Accredited Grade 'A' State University)
Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

**NEWS CLIPPING: 16.04.2018**

**PUNJAB KESARI**




# विशाल कुमार और लवी धीमान बने मिस्टर व मिस 'कलमायका'

**फरीदाबाद,** (ब्यूरो): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद का वार्षिक सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव एलीमेंट्स कलमायका.2018 का रंगारंग समापन हो गया। उत्सव के अंतिम दिन स्टार नाइट में पंजाबी पॉप स्टार गैरी संधू मुख्य आकर्षण रहे तथा उन्होंने अपने हिट गानों पर प्रस्तुति दी, जिसका विद्यार्थियों ने जमकर लुत्फउठाया।कलमायका के अंतिम दिन मिस्टर व मिस कलमायका के परिणाम भी घोषित किये गये। मिस्टर कलमायका का खिताब विशाल कुमार को दिया गया जबकि लवी धीमान मिस कलमायका चुनी गयी। मिस्टर वेल ड्रेस श्रेणी में विनीत राठी तथा मिस वेल ड्रेस श्रेणी में सोनाली हांडा विजेता रही। समापन समारोह में कुलपति प्रो दिनेश कुमार मुख्य अतिथि रहे तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हर वर्ष विद्यार्थी उत्सव को नई ऊंचाईयां दे रहे है। विद्यार्थियों ने उत्सव को सफल बनाने में खूब मेहनत की है और यह मेहनत रंग लाई है। समापन समारोह में डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो नरेश चैहान भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ सोनिया बंसल की देखरेख में हुआ।अन्य प्रतियोगिताओं में डांस युअर हार्ट आउट इवेंट की एकल श्रेणी में अरावली कालेज के विवेक कुमार पहले, जेआईएमएस के शुभम दूसरे तथा लिंग्यास कालेज के रिशब तीसरे स्थान पर रहे। युगल श्रेणी में डीएवी कालेज के मानव व निखिल विजेता रहे। फुटलूज इवेंट में गवर्नमेंट कालेज हिसार के अभिषेक प्रथम व एसडी कालेज के शैलेश द्वितीय स्थान पर रहे। फैस आफइवेंट एसडी कालेज के शैलेश ने जीता। मनन क्लब द्वारा आयोजित कोड वार इवेंट में कैलाश गुप्ता और प्रिंस बतरा विजेता रहे। दूसरा स्थान हिमांशु व रिशभ का रहा।तीसरे स्थान पर गौरव व रोहन रहे।

**● पंजाबी पॉप स्टार गैरी संधू के साथ विद्यार्थियों ने की मस्ती**

**NEWS CLIPPING: 16.04.2018**

**AMAR UJALA**

# 'बंदा बन जा बोल' पर गौरी संग झूमे विद्यार्थी

अमर उजाला ब्यूरो
फरीदाबाद

हर साल स्टार नाइट के क्रेज में दिवाने युवाओं के सिर इस बार गैरी संधू का क्रेज चढ़ा। रब महर करी गाने के साथ शुरुआत कर स्टेज शो का क्रेज बढ़ा दिया। गैरी ने तीन गाने के बाद ही अपने फैंस की नब्ज टटोल ली और 'बंदा बन जा दिला दे ओ जानिया' गाने के साथ पॉप स्टार ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इससे पिछले साल शैरी मान, हार्डी संधू ने भी अपना जलवा स्टार नाइट में बिखेरा था।

वाईएमसीए विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय वार्षिक समारोह कलमाइका की आखिरी शाम में स्टार नाइट के नाम से आयोजित की गई। जिसमें चर्चित पंजाबी गायक गैरी संधू की दिवानगी हर वर्ग के चेहरे पर झलक रही थी। स्टार नाइट प्रोग्राम के लिए विश्वविद्यावलय के यूथ ने आगे की सीट की चाह में दोपहर 1 बजे से ही कुर्सियां घेरनी शुरू कर दी। लड़कियों का दिवाना पन ऐसा कि खास ड्रेस से लेकर हर चीज सिर्फ गैरी संधू की स्टार नाइट में शामिल होने के लिए खरीदी गई। गैरी संधू के स्वागत के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन से लेकर युवाओं ने पूरी तत्परता दिखाई।

## आखिरी दिन प्रतिस्पर्धाओं का परिणाम घोषित

कलमायका के अंतिम दिन मिस्टर व मिस कलमायका के परिणाम भी घोषित किये गये। मिस्टर कलमायका का खिताब विशाल कुमार को दिया गया जबकि लवी धीमान मिस कलमायका चुनी गयी। मिस्टर वेल ड्रेस श्रेणी में



पंजाबी गायक गैरी संधू

विनीत राठी तथा मिस वेल ड्रेस श्रेणी में सोनाली हांडा विजेता रही।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार मुख्य अतिथि रहे तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हर वर्ष विद्यार्थी उत्सव को नई ऊंचाईयां दे रहे है। विद्यार्थियों ने उत्सव को सफल बनाने में खूब मेहनत की है और यह मेहनत रंग लाई है। समापन समारोह में डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. नरेश चैहान भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सोनिया बंसल की देखरेख में हुआ।

अन्य प्रतियोगिताओं में डांस युअर हार्ट आउट इवेंट की एकल श्रेणी में अरावली कालेज के विवेक कुमार पहले, जेआईएमएस के शुभम दूसरे तथा लिंग्यास कालेज के रिशभ तीसरे स्थान पर रहे। युगल श्रेणी में डीएवी कालेज के मानव व निखिल विजेता रहे।

**NEWS CLIPPING: 16.04.2018**

**HINDUSTAN**

# विशाल व लवी मिस्टर व मिस कलमायका बने

**एलीमेंट्स**
**कलमायका-2018**

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 'एलीमेंट्स कलमायका-2018' का रंगारंग समापन हो गया। इसमें मिस्टर कलमायका का खिताब विशाल कुमार और मिस कलमायका लवी धीमान को चुना गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन स्टार नाइट में पंजाबी पॉप स्टार गैरी संधू मुख्य आकर्षण रहे। इस दौरान उन्होंने अपने हिट गानों पर प्रस्तुति की। विद्यार्थियों ने जमकर लुत्फ उठाया।

कलमायका के अंतिम दिन मिस्टर व मिस कलमायका के परिणाम घोषित किए गए। मिस्टर वेल ड्रेस श्रेणी का




फरीदाबाद स्थित वाईएमसीए विश्वविद्यालय में शनिवार की देर रात कलमायका के समापन पर विशाल कुमार व लवी धीमान मिस्टर व मिस कलमायका चुने गए। • हिन्दुस्तान

खिताब विनीत राठी और मिस वेल ड्रेस का खिताब सोनाली हांडा ने बाजी मारी। डांस युअर हार्ट आउट कार्यक्रम का एकल श्रेणी में अरावली कॉलेज के विवेक कुमार प्रथम, जेआईएमएस के शुभम द्वितीय और लिंग्यास कॉलेज के रिशब तृतीय स्थान पर रहे। युगल श्रेणी में डीएवी कालेज के मानव व निखिल विजेता रहे। फुटलूज प्रतियोगिता में राजकीय कॉलेज हिसार के अभिषेक प्रथम और एसडी कालेज के शैलेश द्वितीय स्थान पर रहे। फैंस आफ इवेंट एसडी कालेज के शैलेश ने बाजी मारी।

मनन क्लब की ओर से आयोजित कोड वार इवेंट में कैलाश गुप्ता और प्रिंस बतरा विजेता रहे। दूसरा स्थान हिमांशु व रिशभ का रहे। जबकि तृतीय स्थान पर गौरव व रोहन रहे। विवेकानंद मंच की ओर से आयोजित कैच मी इवेंट में महिमा, समीक्षा और अदिति ने बाजी मारी।

दूसरे स्थान पर हिंगुला, रितिक व प्रांशु ने बाजी मारी। वहीं, तृतीय स्थान पर नितांशु, संजीव व सार्थक रहे। इसमें विजेताओं को विश्वविद्यालय के कुलसचिव दिनेश कुमार ने सम्मानित किया। इस मौके पर प्रो. नरेश चैहान, डॉ. सोनिया बंसल आदि मौजूद रही।

### समापन

- पॉप स्टार के गाने पर विद्यार्थियों ने जमकर की मस्ती
- अंतिम दिन पंजाबी पॉप स्टार गैरी संधू मुख्य आकर्षण रहे

**HINDUSTAN**

वाईएमसीए का बदलेगा नाम, मंत्रीमंडल से मिली स्वीकृति, नाम बदलने की घोषणा मुख्यमंत्री ने एक कार्यक्रम के दौरान की थी

# जगदीश चन्द्र बसु के नाम से वाईएमसीए जाना जाएगा

**बदलाव**

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का नाम अगले सत्र से प्रसिद्ध वैज्ञानिक जगदीश चन्द्र बसु के नाम से जाना जाएगा। इसके लिए दो दिन पहले प्रदेश सरकार ने हरी झंडी दे दी है। बता दें कि नाम बदलने की घोषणा मुख्यमंत्री ने 25 अक्तूबर 2017 को एक कार्यक्रम के दौरान की थी, लेकिन मंजूरी अब मिली है। नाम बदलने का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के तकनीकी शिक्षा के सरकारी विश्वविद्यालय का देश में अहम पहचान दिलाना है।

**क्यों रखा गया है जेसी बसू के नाम पर :** प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक जगदीश चन्द्र बसु का विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसे ध्यान में रखते हुए उनके नाम पर वाईएमसीए विश्वविद्यालय का नाम रखने का निर्णय लिया गया है। अब विश्वविद्यालय का नाम ह्यजेसी बसु वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय के नाम से जाना जाएगा।

**एक्ट 2009 के तहत लिया गया है निर्णय :** विज्ञान एवं तकनीकि अधिनियम 2009 के तहत नाम बदलने का निर्णय लिया गया है। वाईएमसीए विश्वविद्यालय राजकीय विश्वविद्यालय की सूची में है। इसे ध्यान में रखते हुए नाम में कुछ बदलाव किया गया है। ताकि इसके पहचान में कोई विशेष अंतर न हों।

**1969 में शुरू हुआ था विश्वविद्यालय :** वर्ष 1969 में विश्वविद्यालय शुरू किया गया था। इसके बाद से इसे वाईएससीए के नाम से जाना जाता रहा है। पिछले वर्ष विश्व विद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इसका नाम बदलने की घोषणा की गई थी। बताया जा रहा है कि नाम बदलने के लिए मंत्रीमंडल से स्वीकृति मिल गई है। जल्द ही अधिसूचना जारी होगी।




फरीदाबाद स्थित वाईएमसीए विश्वविद्यालय। (फाइल फोटो)

### इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रम

वाईएमसीए विश्वविद्यालय में बीटेक, एमटेक सहित पत्रकारिता सहित कई पाठ्यक्रम की पढ़ाई होती है। विश्वविद्यालय में कम्प्यूटर इंजीनियरिंग, मैन्युफेक्चरिंग टेक्नोलॉजी, ऑटोमेशन, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स व इंस्ट्रमेंटल इंजीनियरिंग, इनफॉर्मेशन टैक्नोलॉजी, कम्प्यूटर नेटवर्किंग, वीएलएसआई टैक्नोलॉजी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग की पढ़ाई होती है।

इस संबंध में दो दिन पहले मंत्रीमंडल से स्वीकृति मिल गई है। राज्य विधान सभा से स्वीकृति मिलने के बाद इसका नाम बदल जाएगा।

जितेंद्र यादव, वाईएमसीए के मीडिया प्रभारी